श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय)

SRI VENKATESWARA COLLEGE (University of Delhi)

फाइल सं0 : रा.भा./श्री वेंकटेश्वर/2023/3372　　　　　　　　दिनांक : 31 मार्च, 2023

कार्यालय आदेश

भारत की राजभाषा नीति के समुचित कार्यान्वयन एवं राजभाषा के प्रचार–प्रसार हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति के गठन से संबंधित दिनांक 30.06.2022, 20.07.2022 एंव 08.12.2022 को जारी कार्यालय आदेश में आशिंक संशोधन करते हुए राजभाषा कार्यान्वयन समिति का पुनर्गठन निम्न प्रकार किया गया है–

1. डॉ0 नमिता पाण्डेय, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग – संयोजिका
2. डॉ0 जितेन्द्र वीर कालरा, असिटेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग – सदस्य सचिव
3. डॉ0 कंवर सिंह, असिटेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग – सदस्य
4. डॉ0 एम0 कृष्णा राव, असिटेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग – सदस्य
5. डॉ0 ध्रुव कुमार, असिटेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग – सदस्य
6. डॉ0 अविनाश कुमार, असिटेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग – सदस्य
7. श्री पवन कुमार पाण्डेय, अनुभाग अधिकारी, वित्त विभाग – सदस्य
8. श्री अंशुल, कनिष्ठ सहायक, स्थापना शाखा – सदस्य

यह समिति महाविद्यालय के विभिन्न अनुभागों में भारत की राजभाषा नीति के अनुरूप राजभाषा अधिनियम 1963 (यथा संशोधित 1967) तथा राजभाषा नियम 1976 (यथा संशोधित 1987) में प्रदत्त प्रावधानों के यथोचित अनुपालन को सुनिश्चित करेगी तथा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों/अनुभागों में दैनंदिन स्तर पर राजभाषा के अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताएं/कार्यक्रम आदि आयोजित करते हुए इस दिशा में प्रयास करेगी।

समिति राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, हिंदी अनुभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा हिन्दी अनुभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों/निर्देशों के अनुरूप समुचित कार्रवाई करेगी।

यह समिति सीधे प्राचार्या के संरक्षण एवं निर्देशन में कार्य करते हुए नियमित रूप से बैठकें आयोजित करेगी एवं सीधे प्राचार्य को नियमित रूप से अवगत कराती रहेगी।

शीला रेड्डी

प्राचार्या

प्राचार्या
Principal
श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय
Sri Venkateswara College
दिल्ली विश्वविद्यालय / University of Delhi
धौला कुआँ, नई दिल्ली / Dhaula Kuan, New Delhi-21

Scanned with CamScanner